RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 02 अप्रैल 2024 | वर्ष 05 | अंक 341 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# दोनों गठबंधन में सीट बटवारा बना जी का जंजाल !

## महायुति में बढ़ी कलह...



**मुंबईः** लोकसभा चुनाव 2024 के महासमर का शंखनाद हो चुका है, लेकिन 18 दिन बीतने के बाद भी महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति व विपक्षी महाविकास आघाडी (मविआ) के बीच गठबंधन नहीं हो पाया है। महायुति और महाविकास आघाड़ी में कम से कम आधा दर्जन सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाने के कारण अभी तक उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं हो पाई है। जिसके कारण चुनाव प्रचार में देरी हो रही है।

ठाणे में बीजेपी ने यह शर्त भी रखी है कि भले चिन्ह धनुष-बाण रहेगा लेकिन उम्मीदवार बीजेपी का ही होगा। यहां से बीजेपी के उम्मीदवार के रूप में संजीव नाईक का नाम सामने आ रहा है। हिंगोली में भी बीजेपी ने शिवसेना शिंदे गुट के उम्मीदवार हेमंत पाटिल का विरोध किया। बीजेपी यहां से अपना उम्मीदवार उतारना चाहती है लेकिन सीट बचाने के लिए शिंदे ने हेमंत पाटिल को हटा कर बाबूराव कदम को उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया है। दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर भी स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। नासिक की सीट पर शिंदे गुट के सांसद हेमंत गोडसे का टिकट कटना तय माना जा रहा है। राकां (अजित पवार) नासिक से अपने मंत्री छगन भुजबल को चुनाव लड़ाने की तैयारी में है। तो धाराशिव भी शिंदे गुट को मिलनी तय मानी जा रही है। ऐसा ही गतिरोध शिर्डी और शिरूर सीट को लेकर भी बना हुआ है। उसकेबाद महायुति में कलह की बात जगजाहिर हो रही है। कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से सांगली और दक्षिण मध्य मुंबई की सीट वापस लेने की मांग की है। तो वहीं कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के नेता नसीम खान ने कहा कि शिवसेना की तरफ से उम्मीदवारों की एकतरफा घोषणा करने से उनके पार्टी कार्यकर्ता नाराज हैं और इसलिए प्रदेश इकाई सांगली, मुंबई दक्षिण मध्य और मुंबई उत्तर पश्चिम सहित 6 लोकसभा सीटों पर दोस्ताना मुकाबला करना चाहती है।

### आघाड़ी में अड़ गए ठाकरे

बात महाविकास आघाडी (मविआ) की करें तो मविआ में सीटों के बंटवारे से पहले शिवसेना (उद्धव गुट) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे अपने 17 उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित कर चुके हैं। इनमें सांगली, उत्तर मध्य मुंबई व उत्तर पश्चिम मुंबई सहित कई सीटें ऐसी भी शामिल हैं, जिन पर कांग्रेस भी अपना दावा ठोकती रही है। हालांकि रविवार को इस बारे में पूछे जाने पर पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने अडियल रूख अपनाते हुए साफ शब्दों में कह दिया कि अब सीटों के बंटवारे पर 2029 में बात होगी। इससे कांग्रेसी बेहद नाराज हैं।

### ठाणे या कल्याण में से कोई एक ही सीट

महायुति में शामिल सीएम शिंदे अपने समर्थकों और सहयोगी दलों बीजेपी व राकां के बीच पिस रहे हैं। उन्हें बीजेपी से अपना घर, ठाणे बचाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। इस वजह से वे कल्याण में अपने सांसद पुत्र श्रीकांत शिंदे की उम्मीदवारी घोषित नहीं कर पा रहे हैं। बीजेपी ने उन्हें साफ शब्दों में कह दिया है कि ठाणे या कल्याण में से कोई एक ही सीट उन्हें मिलेगी।

# नवी मुंबई में कारोबारी से 2 करोड़ रुपये की लूट... पुलिस निरीक्षक गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में खुद को पुलिसकर्मी बताकर छह व्यक्तियों द्वारा एक कारोबारी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये लूटने के मामले में 55 वर्षीय एक पुलिस निरीक्षक को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 29 मार्च को हुई जब कारोबारी पड़ोसी मुंबई के घाटकोपर में अपने घर से नवी मुंबई के तुर्भे में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) जा रहा था। एक पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार, छह अज्ञात लोगों ने वाशी इलाके में पाम बीच रोड पर खुद को मुंबई पुलिस का कर्मी बताकर कारोबारी को रोका।

उन्होंने कारोबारी को धमकी देते हुए दावा किया कि उन्हें शिकायत मिली है कि उसके पास भारी मात्रा में धन है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने कारोबारी से उसे कानूनी कार्रवाई से बचाने के लिए कथित तौर पर दो करोड़ रुपये मांगे और उसे वाशी में एक फ्लैट में ले गए जहां वे कारोबारी को धमकाते रहे और फिर पैसे लेकर फरार हो गए। कारोबारी द्वारा 30 मार्च को दी गई शिकायत के बाद वाशी पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 395 (डकैती), 363 (अपहरण), 341, 342 (गलत रूप बंधक बनाना), 170 (एक सरकारी सेवक का भेष धारण करना), 120बी (आपराधिक षडयंत्र), 504 (जानबूझकर अपमान करना), 506 (आपराधिक धमकी) और 34 (साझा मंशा) समेत विभिन्न धाराओं के तहत छह अज्ञात लोगों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की।

## बंबई उच्च न्यायालय बड़ा फैसला !

# नोटा विकल्प संबंधी जनहित याचिका को किया खारिज...




**मुंबईः** बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर 'उपरोक्त में से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति आरएम जोशी की खंडपीठ ने 22 मार्च को एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में नोटा विकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया था। फैसले की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई। छात्र सुहास वानखेड़े द्वारा दायर याचिका में कहा गया कि निर्वाचन आयोग को नोटा विकल्प के बारे में लोगों में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए एक 'ब्रांड एंबेसडर' नियुक्त करना चाहिए। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता निर्देशन पुस्तिका पर गौर करते हुए अदालत ने कहा कि नोटा के बारे में निर्देश दस्तावेज में मोटे अक्षरों में प्रकाशित किए गए हैं।

अदालत ने कहा, नोटा के बारे में विस्तृत जानकारी स्पष्ट रूप से मोटे अक्षरों में उल्लिखित है जिससे मतदाता का ध्यान तुरंत आकर्षित होगा। निर्देश भी मोटे अक्षरों में हैं कि नोटा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर अंतिम विकल्प के रूप में उपलब्ध है। इसने कहा कि यह पुस्तिका मतदाताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करने के लिए एक सचित्र मार्गदर्शिका है। अदालत ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग दोनों ने लोगों को उनके मतदान के अधिकार और नोटा के विकल्प के बारे में जागरूक करने के लिए कदम उठाए हैं, इसलिए कोई और निर्देश पारित करने की आवश्यकता नहीं है।


## मुंबई में 54 लाख रुपये की कीमत की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**माहिम :** मुंबई पुलिस ने पश्चिमी उपनगर में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से कथित तौर पर 54 लाख रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। शाहूनगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मूलरूप से उत्तराखंड निवासी सरफराज अब्दुल माजिद अहमद को रविवार रात उस समय पकड़ा गया जब वह सायन-माहिम लिंक मार्ग पर मादक पदार्थ पहुंचाने के लिए आया था। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से 54 लाख रुपये कीमत की 270 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। अधिकारी ने बताया कि स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि वह मादक पदार्थ किसे देने के लिए जा रहा था।

# सुशांत राजपूत मामले में बंबई उच्च न्यायालय का आदेश...

## 10 अप्रैल तक वानखेडे पर न हो कोई दंडात्मक कार्रवाई



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ मामले में कथित अनियमितता की जांच को लेकर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की ओर से आईआरएस अधिकारी समीर वानखेडे के खिलाफ जारी नोटिस पर 10 अप्रैल तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए। एनसीबी ने राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ मामले और नशीले पदार्थ रखने पर एक नाइजीरियाई नागरिक की गिरफ्तारी के एक अन्य मामले के संबंध में भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी वानखेड़े के खिलाफ शुरूआती जांच शुरू की है।

दोनों मामलों की जांच वानखेड़े ने की थी। वानखेड़े के खिलाफ यह जांच दोनों मामलों में कथित तौर पर अनियमितता को लेकर की गई अज्ञात शिकायत के आधार पर की जा रही है। राजपूत ने जून 2020 में अपने मुंबई स्थित आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद एनसीबी ने फिल्म उद्योग में कथित मादक पदार्थों के इस्तेमाल की जांच शुरू की थी।

एजेंसी ने बाद में राजपूत की महिला मित्र रिया चक्रवर्ती और उसके भाई शौविक एवं 33 अन्य के खिलाफ कथित तौर पर मादक पदार्थ रखने, उनका सेवन करने और वित्त पोषण करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। एनसीबी ने नवंबर 2023 से मार्च 2024 के बीच भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी वानखेड़े को आठ नोटिस जारी किए, जिसमें उन्हें एजेंसी के उप महानिदेशक संजय सिंह के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया, जो प्रारंभिक जांच का नेतृत्व कर रहे हैं। वानखेड़े ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी जिसमें जांच और उन्हें जारी किए गए नोटिस को चुनौती दी गई थी। याचिका में दावा किया गया था कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है और यह पूछताछ प्रतिशोध की कार्रवाई' है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोमवार को एनसीबी को 10 अप्रैल तक याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि तब तक वानखेडे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाए।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 02 अप्रैल 2024






# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## क्या अर्द्धराज्य दिल्ली में राष्ट्रपति शासन ?

क्या अर्द्धराज्य दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है? यह स्थिति 2014 में भी आई थी। तब आम आदमी पार्टी (आप) की अल्पमत सरकार थी और कांग्रेस के बाहरी समर्थन पर आश्रित थी। मुख्यमंत्री केजरीवाल ही थे। वह जनलोकपाल बिल पेश करने की जिद पर थे, लेकिन उसे रोका जा रहा था। नतीजतन 49 दिन की केजरीवाल सरकार ने इस्तीफा दे दिया और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन चस्पां कर दिया गया। अब 2024 में स्थितियां और राजनीतिक समीकरण बिल्कुल भिन्न हैं। दिल्ली विधानसभा में 'आप' और केजरीवाल के पक्ष में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत है। कुल विधायक 70 होते हैं। ऐतिहासिक जनादेश वाली, विश्वास मत प्राप्त, सरकार कार्यरत है। बेशक मुख्यमंत्री केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में बीते 10 दिन से हैं, लेकिन उन्होंने और 'आप' प्रवक्ताओं ने बार-बार दोहराया है कि मुख्यमंत्री जेल से ही सरकार चलाएंगे। बेशक संविधान और कानून इस संदर्भ में खामोश है कि भ्रष्टाचार का आरोपित और हिरासत में कैद एक मुख्यमंत्री सलाखों के पीछे से ही सरकार चला सकता है अथवा नहीं। संविधान कई मामलों में खामोश है। शायद हमारे संविधान के रचनाकारों ने ऐसी स्थितियों की कल्पना ही नहीं की होगी! लेकिन इस तरह सरकार चलाने में कई व्यावहारिक और संवैधानिक बाधाएं तो आती हैं। संवैधानिक पद पर बैठे राजनेता की नैतिकता का भी कोई तकाजा है। 'आप' नेताओं की जो जिद है, वह असमर्थनीय और प्रतिकूल है। हिरासती मुख्यमंत्री किसी विचाराधीन सरकारी आदेश को अपनी पत्नी और वकील से भी साझा नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जो आदेश, उनके मंत्रियों ने, सार्वजनिक तौर पर पढ़े हैं, उन्हीं पर सत्ता के गलियारों में चर्चाएं जारी हैं कि क्या वे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ही जारी किए थे? क्या मुख्यमंत्री ऐसा कर सकते हैं? हिरासत में मुख्यमंत्री कोई बैठक तक नहीं कर सकते या आदेश की किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते।

एक साथ तीन से अधिक मुलाकाती हिरासती मुख्यमंत्री से मिल नहीं सकते। कैबिनेट की बैठक बुलाने का आदेश नहीं दे सकते। यदि उपराज्यपाल या मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के विचारार्थ कोई फाइल भेजते हैं, तो उसे केजरीवाल तक कौन पहुंचाएगा? गोपनीयता भंग होने के आसार पूरे हैं। लिहाजा इस संदर्भ में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का हालिया बयान बेहद महत्वपूर्ण और रणनीतिक है। संभव है कि भारत सरकार के स्तर पर यह विचाराधीन है कि क्या दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की स्थितियां बन चुकी हैं? क्या दिल्ली सरकार में संवैधानिक मशीनरी अस्थिर हो गई है? अनुच्छेद 239-बी पर भी बहस शुरू हो चुकी है कि क्या राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली सरकार से संबंधित अनुच्छेद को बर्खास्त कर सकती हैं? फिलहाल स्थितियां मुख्यमंत्री केजरीवाल के पक्ष में हैं कि यदि वह अपने पद से इस्तीफा देते हैं, तो उपराज्यपाल वैकल्पिक मुख्यमंत्री के लिए उनकी पसंद जानने की कोशिश कर सकते हैं। यदि सरकार बर्खास्त कर दी गई, तो 'आप' और सरकार के भीतर मुख्यमंत्री बनने की होड़ मच सकती है। 'आप' के नेता कोई संत नहीं हैं। फिलहाल मौजूदा सरकार के लिए फरवरी, 2025 तक का जनादेश है। बहुमत की सरकार को बर्खास्त करना भाजपा के राजनीतिक पक्ष में भी नहीं होगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# काम बंद करने वाले ठेकेदार से एक महीना बीत जाने के बावजूद अभी तक जुमार्ना नहीं वसूला गया




**मुंबई:** शहर में सड़क का काम रोकने के लिए विवादास्पद ठेकेदार पर मुंबई नगर निगम द्वारा लगाया गया 64 करोड़ रुपये का जुर्माना ठेकेदार द्वारा अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। 25 जनवरी को नगर निगम प्रशासन ने ठेकेदार को एक माह के अंदर जुर्माना भरने का आदेश दिया था. हालांकि, दो महीने बाद भी ठेकेदार ने यह जुर्माना नहीं भरा है और नगर निगम प्रशासन ने भी इसे नजरअंदाज कर दिया है.

शहर के सड़क ठेकेदार रोडवे सॉल्यूशंस इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 1687 करोड़ के काम दिए गए। लेकिन इस कंपनी ने सड़क का काम शुरू करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया. इस मामले में तैयार की गई रिपोर्ट में नगर निगम प्रशासन ने यह आरोप लगाया था कि ठेकेदार इन कार्यों को करने में न तो रुचि रखता है और न ही सक्षम है। ठेकेदार की देरी से न केवल अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन हुआ है, बल्कि मुंबईकरों को भी नुकसान हुआ है। इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया. प्रशासन ने ठेकेदार पर 64 करोड़ का जुर्माना लगाने के साथ ही उसकी जमा राशि और इसारा जमा राशि भी जब्त करने का आदेश दिया है. लेकिन दो माह बाद भी इस पर अमल नहीं हो सका है.

इस मामले में पूर्व बीजेपी पार्षद मकरंद नार्वेकर ने बृहन्मुंबई नगर निगम को पत्र लिखकर पूछा है कि सड़क ठेकेदार रोडवे सॉल्यूशंस इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से जुर्माना वसूलने को लेकर नगर निगम उदासीन क्यों है. इस पत्र में उन्होंने कहा है कि नगर पालिका को ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही अन्य ठेकेदारों पर भी प्रतिबंध लगाने की जरूरत है. उन्होंने यह मांग भी दोहराई है कि नगर पालिका के साथ धोखाधड़ी करने वाले इस ठेकेदार को काली सूची में डाला जाए और उसके खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की जाए. यह भी सुझाव दिया गया है कि अब से, सड़क कार्यों के लिए एक भव्य निविदा बुलाने के बजाय, नगर पालिका को इसे छोटे वार्ड-वार निविदाओं में विभाजित करना चाहिए ताकि अधिक ठेकेदार आगे आ सकें और सड़क कार्यों को पूरा कर सकें।

# मोबाइल को लेकर लड़ाई में महिला की मौत !

**ऐरोली :** मोबाइल फोन खोने के घरेलू विवाद में एक महिला की जान जाने की घटना गुरुवार (28 तारीख) को ऐरोली के साईनाथ वाडी में हुई। रबाले पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और महिला के शव को कब्जे में ले लिया है. मृत महिला की पहचान यशोदा बैतरमनी (उम्र 33) के रूप में हुई है। यशोदा बैतरमनी नाम की महिला अपने परिवार के साथ ऐरोली के साईनाथ वाडी में रहती थी। कुछ दिन पहले उसके छोटे भाई विष्णु बैतरमनी का मोबाइल फोन खो गया था। इसलिए यशोदा ने विष्णु से हमारे लिए एक नया मोबाइल फोन लाने के लिए कहा। गुरुवार रात यशोदा ने उससे नए मोबाइल फोन के बारे में पूछा। तो दोनों के बीच बहस हो गई. यशोदा के बड़े भाई गोपाल और उनकी पत्नी अंजलि दोनों ने उनके झगड़े को सुलझाने के लिए मध्यस्थता करने की कोशिश की; लेकिन विष्णु ने गोपाल को पीटना शुरू कर दिया।

# महायुति के मिशन 48 को सफल बनाने के लिए बीजेपी कार्यकर्ता जुट जाएं - फडणवीस



**मुंबई:** महाराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को रिव्यू मीटिंग की. यह बैठक मुम्बई के नरीमन पॉइंट बीजेपी ऑफिस में हुई. इस दौरान चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई, साथ ही कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए. बैठक में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति के मिशन 48 को सफल बनाने के लिए बीजेपी कार्यकर्ता जुट जाएं. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की हर सीट पीएम मोदी की है, वो इसे कैसे जीत सकते हैं उस दिशा में काम शुरू कि या जाए. बीजेपी कार्यकर्ता महायुति प्रत्याशी को अपना मानकर काम करें. साथ ही महायुति हर विधानसभा में सभा आयोजित करने की योजना बना रही है.

**बीजेपी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम**

बीजेपी नेता ने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर हर बूथ पर कार्यक्रम होना चाहिए. इस दौरान मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को सभी आम मतदाताओं तक पहुचाएं. इस बैठक में डीसीएम देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, मुम्बई अध्यक्ष आशीष शेलार, पूर्व केंद्रीय मंत्री भागवत कराड, महाराष्ट्र बीजेपी प्रभारी दिनेश शर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता हुए शामिल हुए. डिप्टी सीएम ने कहा कि आज हमारी बैठक पुरी हुई है और सभी को लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगने के निर्देश दिए गए हैं.

महाराष्ट्र में महायुति मिलकर चुनाव लड़ रही है. इस देश को इंडिया गठबंधन के भ्रष्टाचार से मुक्त करना है और आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा की गई. सभी 288 विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन का आयोजित किया जाएगा और मित्र पार्टियों को भी साथ रखा जाएगा. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हवाबाजी नहीं करती है. हम अपने काम को लेकर जनता के बीच में जाते हैं. बैठक में सभी कार्यकताओं को बूथ स्तर तक जाकर काम करने का निर्देश दिया गया है.

# महाराष्ट्र में ड्रग तस्कर घर से 3.46 करोड़ रुपये कैश बरामद




**मुंबई:** सांगली में एक दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने और 245 करोड़ रुपये मूल्य की 122 किलोग्राम मेफेड्रोन या एमडी बरामद करने वाली शहर की अपराध शाखा की टीम ने गुरुवार को ड्रग सिंडिकेट के सरगना के परिचित एक व्यक्ति के घर पर छापा मारा और 3.46 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की।. यूनिट 7 के पुलिस निरीक्षक महेश तावड़े ने कहा कि मुख्य आरोपी प्रवीण शिंदे से पूछताछ के दौरान पता चला कि उसने नकदी अपने परिचित व्यक्ति के घर में रखी थी। पुलिस ने भिवंडी में उस शख्स के घर पर छापा मारा और नकदी बरामद की लेकिन शख्स ने बताया कि उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि उसके घर में नकदी रखी हुई है. संभावना है कि पुलिस उसे मामले में गवाह बनायेगी. पुलिस ने कहा कि नकदी अपराध की आय है और इसलिए उन्होंने नकदी जब्त कर ली है। इसके अलावा पुलिस ने 3 किलोग्राम एमडी भी जब्त किया है, जिससे कुल जब्ती 252 किलोग्राम हो गई है, 25 ग्राम सोने के गहने, 1.50 लाख रुपये नकद, एक स्कोडा कार। शहर की अपराध शाखा द्वारा पकड़ी गई यह तीसरी ऐसी बड़ी गुप्त दवा निर्माण फैक्ट्री है। पिछले साल इंस्पेक्टर दया नायक के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीम ने सोलापुर में एक मेफेड्रोन निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था और 16 करोड़ रुपये मूल्य की 8 किलोग्राम एमडी जब्त की थी और 60 करोड़ रुपये का कच्चा माल जब्त किया था। इससे पहले पुलिस ने नासिक और अंबरनाथ में एमडी बनाने वाली फैक्ट्रियों को जब्त किया था।

# कल्याण के बरावे स्थित सॉलिड वेस्ट प्लांट में भीषण आग

**कल्याण:** कल्याण पश्चिम बारह स्थित सॉलिड वेस्ट प्लांट में रविवार सुबह भीषण आग लग गयी. आग में कचरा केंद्र पर लगा कचरा जल गया। इस कचरा केंद्र पर नगर पालिका द्वारा कल्याण इलाके का कचरा जमा किया जाता है. इस स्थान पर कूड़े को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग किया जाता है। कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी के कारण यह कूड़ा सूख गया है.

सुबह इस सूखे कचरे में आग लग गई। आग में कूड़ा जल गया। हवा की गति के कारण आग ने लाल रंग धारण कर लिया। कचरा केंद्र क्षेत्र में कोई कर्मी नहीं होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई. आग की लपटें दूर से देखी जा सकती थीं. हर तरफ धुआं ही धुआं था. बारहवें क्षेत्र में कई ऊंचे आवासीय परिसर धुएं से परेशान थे। आग की सूचना मिलते ही कल्याण डोंबिवली नगरपालिका फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने दो घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। पिछले साल इस कचरा केंद्र में भीषण आग लग गई थी. कचरे में विभिन्न तत्व सूर्य द्वारा गर्म किये जाते हैं।



# पहले चरण में 5 सीटें जीतेगी कांग्रेस - नाना पटोले



**मुंबईः** कांग्रेस की महाराष्ट्र प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने रविवार को दावा किया कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) राज्य में उन सभी पांच लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी जिन पर अगले महीने आम चुनाव के पहले चरण में मतदान होना है। पटोले ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि लोग केंद्र की 'तानाशाही' भाजपा सरकार से तंग आ चुके हैं, जिसे चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया जाएगा। विपक्षी एमवीए में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं।

पहले चरण में 19 अप्रैल को पूर्वी विदर्भ क्षेत्र में आने वाली नागपुर, गढ़चिरौली-चिमूर (आरक्षित), भंडारा-गोंदिया, चंद्रपुर और रामटेक (आरक्षित) सीट के लिए मतदान होगा। इन पांच सीट में से चार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में चंद्रपुर महाराष्ट्र में कांग्रेस की ओर से जीता गया एकमात्र निर्वाचन क्षेत्र था। पटोले ने यह भी दावा किया कि सभी पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस की स्थिति बहुत अच्छी है। पूर्वी विदर्भ क्षेत्र में पहले चरण के चुनाव के लिए 97 उम्मीदवार मैदान में हैं। पटोले ने बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा जिन्होंने कहा था कि वह हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' देखने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए पूरा सिनेमाघर बुक करेंगे।

# डोंबिवली में शिवसेना नगरसेवक के नाम पर पैसे वसूलने के आरोप में दो लोगों गिरफ्तार



**डोंबिवलीः** विष्णुनगर पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया जो डोंबिवली पश्चिम के कोपर इलाके के शिवसेना नगरसेवक रमेश सुक्रिया म्हात्रे के नाम पर व्यापारियों से पैसे वसूल रहे थे। आरोपियों के नाम संदीप उत्तम शिंदे (30), बेघले रोहिदास डाबले (34) हैं। दाबले डोंबिवली पश्चिम के ठाकुरवाड़ी फुलेनगर में रहते हैं। दोनों आरोपियों डोंबिवली के कुछ व्यापारियों और उद्यमियों से संपर्क करने के बाद, मैं पूर्व नगरसेवक रमेश सुक्रेया म्हात्रे से बात करता हूं। मैं कुछ लोगों की पैसों से मदद करना चाहता हूं. तब ये दोनों आरोपी कुछ व्यापारियों से यह कहकर पैसे वसूल रहे थे कि आप मेरी पैसों की मदद कर दीजिए.

आरोपी संदीप उसे रमेश म्हात्रे के नाम से बुलाता था। मैं आईएसएम को भेजकर तुरंत भुगतान करने के लिए कह रहा हूं। बताया गया कि आरोपियों ने पैसे लेने के लिए दबाव बनाया। इस सन्दर्भ की जानकारी जैसे ही रमेश म्हात्रे को मिली तो उन्होंने अपने कार्यकताओं के माध्यम से पैसे ऐंठने वाले गिरोहों की तलाश शुरू कर दी. डोंबिवली में एक दवा विक्रेता सूरज विश्वकर्मा से भी आरोपियों ने इसी तरह संपर्क किया था। हम रमेश म्हात्रे से बात कर रहे हैं, आप किसी को पैसे देना चाहते हैं। इसके लिए सहयोग करें. हम एक आईएसएम भेजते हैं और उसे तुरंत भुगतान करते हैं। इसलिए मांग की. विश्वकर्मा ने तुरंत इसकी जानकारी रमेश म्हात्रे और उनके कार्यकताओं को दी. जब आरोपी दाबाले हमेशा की तरह 500 रुपये लेने के लिए विश्वकर्मा के पास आया, तो वहां जाल बिछाए रमेश म्हात्रे के गुर्गो ने दवा विक्रेता से पैसे लेते हुए डाबाले को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी रमेश म्हात्रे को गिरफ्तार कर घटनास्थल में प्रवेश किया. उनके कार्यकताओं ने आरोपियों पर दबाव डाला और उन्हें विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में पेश किया, जब आरोपियों ने पुलिस के सामने कबूल किया कि वे रमेश म्हात्रे के नाम पर पैसे वसूल रहे थे। रमेश म्हात्रे ने विष्णु नगर पुलिस स्टेशन में उनके नाम पर अवैध रूप से पैसे वसूल कर समाज में बदनाम करने की शिकायत दर्ज करायी है. पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस ने इस बात की जांच भी शुरू कर दी है कि आरोपियों ने अब तक ऐसे कितने काम किए हैं. इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद कई नागरिकों और व्यापारियों ने रमेश म्हात्रे को बताया है कि इन दोनों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है.

# पृथ्वीराज चव्हाण और महाराष्ट्र एनसीपी (सपा) अध्यक्ष जयंत पाटिल की मुलाकात...



**मुंबईः** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने रविवार को कहा कि महा विकास अघाड़ी सांगली और दो अन्य लोकसभा क्षेत्रों पर गतिरोध को सुलझाने की कोशिश कर रही है, इसके कुछ घंटे बाद महाराष्ट्र एनसीपी प्रमुख जयंत पाटिल ने कराड में उनसे मुलाकात की. सतारा से मौजूदा एनसीपी सांसद श्रीनिवास पाटिल के स्वास्थ्य कारणों से चुनाव लड़ने से इनकार करने के बाद बंद कमरे में हुई यह बैठक महत्वपूर्ण हो गई है.

कराड दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चव्हाण ने कहा कि चूंकि सतारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एनसीपी के अंतर्गत आता है. इसपर सीट पर उम्मीदवार शरद पवार उम्मीदवार तय करेंगे. कराड में मीडिया से बातचीत के दौरान पृथ्वीराज चव्हाण ने कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा एमवीए सहयोगियों के साथ विवाद वाली सीटों पर दोस्ताना लड़ाई के प्रस्ताव के मुद्दे पर बोलने से इनकार कर दिया. यह पूछे जाने पर कि उनके और जयंत पाटिल के बीच बैठक में क्या हुआ, चव्हाण ने कहा कि सतारा में एक उपयुक्त और मजबूत उम्मीदवार उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं. उन्होंने कहा, बंद कमरे में जो चर्चा होती है, वह सार्वजनिक मंच पर नहीं कही जाती है. वहीं जब पृथ्वीराज चव्हाण से पूछा गया कि क्या सतारा चुनाव के लिए उनके नाम पर विचार किया जा रहा है. इसपर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र एनसीपी (रढ) कोटे का हिस्सा है और शरद पवार उम्मीदवार का फैसला करेंगे. आपको बता दें कि पृथ्वीराज चव्हाण ने 1990 के दशक में संसद में सतारा का प्रतिनिधित्व किया था. 1999 में शरद पवार के कांग्रेस से बाहर निकलने और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बनाने के बाद उन्हें श्रीनिवास पाटिल ने हरा दिया था. तब से एनसीपी (अविभाजित) ने सतारा से उम्मीदवार उतारे हैं.

# गुजरात का लिवर हमारा मनोरंजन कर रहा है!

## संजय राउत ने मोदी की तुलना जॉनी लिवर से की...



**मुंबईः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही मुंबई का दौरा करेंगे। लोकसभा चुनाव के मौके पर उनका यह दौरा काफी अहम हो गया है। इस बीच, उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना के नेता और सांसद संजय राउत ने इसी दौरे पर बोलते हुए मोदी की कड़ी आलोचना की है। राउत ने मोदी की तुलना कॉमेडियन जॉनी लीवर से की है। राउत ने कहा कि मोदी गुजरात के जॉनी लिवर हैं।

**संजय राउत ने आखिर क्या कहा?**

आज एक रैली में मोदी ने कहा कि हम भ्रष्टाचारियों को नहीं छोड़ेंगे। मोदी हर दिन सबसे बड़ा मजाक करते हैं। जॉनी लिवर के बाद अगर कोई हमारा मनोरंजन करता है तो वह लिवर ऑफ गुजरात है, राउत ने नरेंद्र मोदी पर हमला बोला।

**हर दिन 5 भ्रष्ट लोग भाजपा में प्रवेश करते हैं**

मोदी सभाओं में कह रहे हैं कि हम भ्रष्टाचारियों को नहीं छोड़ेंगे। लेकिन उसी मीटिंग में उनके आसपास 10 भ्रष्ट नेता बैठे हैं। उनकी पार्टी में प्रतिदिन औसतन 5 भ्रष्ट लोग प्रवेश करते हैं। ये सभी लोग अटूट भ्रष्टाचारी हैं। मोदी इन भ्रष्टाचारियों का क्या करेंगे? ये भ्रष्ट लोग मोदी के इर्द-गिर्द घूमते हैं। उनकी अपराध फाइलें बंद हैं। राउत ने आलोचना करते हुए कहा कि बीजेपी इस देश की सबसे बड़ी भ्रष्ट पार्टी है।


**...तो चुनाव आयोग को वसूलना चाहिए पैसा!**

नरेंद्र मोदी अब देश के प्रधानमंत्री नहीं हैं। चुनाव की घोषणा के बाद देश और प्रदेश में मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री पद संभाल रहे हैं। इसलिए सरकारी तंत्र का उपयोग कर अभियान नहीं चलाया जा सकता। अगर सरकारी विमान और सैनिक ले जाए गए तो चुनाव आयोग को उनसे पैसा वसूल करना चाहिए। उनका हर दौरा 25-25 करोड़ का होता है। क्या आचार संहिता सिर्फ विपक्ष के लिए है? राउत ने ये सवाल भी पूछा।

**अब हमारे यहां सीट शेयरिंग पर चर्चा बंद!**

नरेंद्र मोदी के दौरे पर बोलते हुए संजय राउत ने कहा कि सीट शेयरिंग पर चर्चा बंद होनी चाहिए। महाराष्ट्र में यह चर्चा अब बंद हो गई है। संजय राउत ने साफ कहा है कि अगर हमें चर्चा करनी है तो हम आगामी विधानसभा या फिर 2029 के लोकसभा चुनाव पर चर्चा करेंगे।

# एक सप्ताह में तीसरी बार अंबरनाथ, बदलापुर की बिजली गुल, नागरिक सदमे में



**बदलापुरः** पडघा केंद्र से अंबरनाथ और बदलापुर शहर तक आने वाली हाई वोल्टेज बिजली लाइन में तकनीकी खराबी के कारण रविवार सुबह से अंबरनाथ, बदलापुर और अंबरनाथ तालुका के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है. एक ओर जहां तापमान बढ़ने के साथ बिजली गायब होने से नागरिकों में आक्रोश का माहौल है. पिछले एक सप्ताह में तीसरी बार बिजली आपूर्ति में कटौती किये जाने से नागरिकों में आक्रोश है.

पिछले कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है. इसके कारण बिजली की मांग बढ़ गई है और पंखे, एयर कंडीशनर का अधिक उपयोग किया जा रहा है। हालाँकि, पिछले सप्ताह से, पडघा केंद्र से मोरीवली उच्च दबाव बिजली लाइन लगातार विफल हो रही है, और अंबरनाथ, बदलापुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र बाधित बिजली आपूर्ति से पीड़ित हैं। रविवार सुबह सात बजे से पड़घा से मोरीवली तक हाई प्रेशर बिजली लाइन में ब्रेकडाउन हो गया. परिणामस्वरूप, अंबरनाथ शहर के बड़े हिस्से, बदलापुर शहर और अंबरनाथ तालुका में बारवी बांध तक के क्षेत्र बिजली से वंचित थे। नतीजतन, एक सुबह बिना बिजली के गुजरी। दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी.

इस बारे में जब महावितरण के कल्याण प्रभाग के मुख्य अभियंता धनंजय औंधेकर से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मोरीवली फीडर में खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई है और तकनीकी खराबी की जानकारी ली जा रही है. तब तक औंधेकर ने यह भी कहा है कि नागरिकों को राहत देने के लिए चक्रीय तरीके से बिजली की आपूर्ति की जा रही है. लेकिन छुट्टी के दिन बिजली आपूर्ति बाधित होने से नागरिकों में आक्रोश है. इससे पहले होली पर करीब चार घंटे और गुरुवार की रात करीब छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही थी.

# मुंबई कस्टम ने 6.30 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया



**मुंबईः** अधिकारियों ने कहा कि मुंबई सीमा शुल्क ने 27-31 मार्च के बीच विदेशी मुद्रा सहित 6.30 करोड़ रुपये मूल्य का 10.68 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया। मुंबई सीमा शुल्क के एक अधिकारी ने रविवार देर रात कहा , ''27-31 मार्च तक, हवाईअड्डा आयुक्तालय, मुंबई सीमा शुल्क ने 22 मामलों में 6.30 करोड़ रुपये मूल्य का 10.68 किलोग्राम से अधिक सोना , इलेक्ट्रॉनिक सामान, विदेशी मुद्रा और मिश्रित सौंदर्य प्रसाधन जब्त किए।'' उन्होंने बताया कि सोना चेक-इन बैग, हैंडबैग, पहने हुए कपड़ों, यात्रियों के शरीर, बॉडी कैविटी और पैडलॉक में छुपाया गया था। अधिकारियों के अनुसार, मार्च में आठ अलग-अलग मामलों में 10.60 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा और वस्तुएं जब्त की गईं।



# आईपीएल मैच की स्ट्रीमिंग के दौरान हुआ हमला... शख्स की मौत



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आईपीएल मैच की स्ट्रीमिंग के दौरान दो लोगों द्वारा हमला करने वाले 65 वर्षीय व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि मृतक बंडुपंत टिबिले को बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी रोहित शर्मा के विकेट के लिए जयकार करने के बाद बलवंत महादेव झांजगे और सागर सदाशिव झांजगे ने लाठियों से मारा था।

एक आरोपी के सिर पर वार करने से टिबिले गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां अगले दो दिनों तक उनका इलाज चला। हालांकि शनिवार शाम को 65 वर्षीय व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। करवीर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, ''शनिवार को एक अस्पताल में टिबिले की मौत हो गई जिसके बाद बलवंत और सागर को गिरफ्तार कर लिया गया।'' टिबिली और बलवंत - दोनों करवीर तहसील के हनमंतवाड़ी के रहने वाले थे - एक-दूसरे के पड़ोसी थे। आरोपी और पीड़ित दोनों आईपीएल मैच देखने के लिए अपने घर के सामने वाले पड़ोसी के घर गए थे - जिसने टीवी लगाया था। कथित तौर पर, मैच काफी शांतिपूर्ण स्थिति में शुरू हुआ, लेकिन चीजें तब बिगड़ गईं जब मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के समर्थकों ने खेल में हर दूसरी चीज के लिए एक-दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया। इससे पहले कि कुछ पता चलता, स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई और बलवंत ने टिबिले के बेटे को गर्दन से पकड़ लिया और उसे पीटना शुरू कर दिया। इस बीच, बलवंत के भतीजे सागर ने टिबिले के सिर पर पीछे से लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। इसके बाद, 65 वर्षीय व्यक्ति तुरंत जमीन पर गिर गया। उनकी नाक से बहुत ज्यादा खून बह रहा था, जिसके बाद उन्हें पास के सीपीआर अस्पताल ले जाया गया।

# बिलिंग में देरी, बीएमसी को 8 वर्षों में सबसे कम संपत्ति कर संग्रह का सामना करना पड़ा




**मुंबईः** बीएमसी ने 2023-24 (31 मार्च शाम 7 बजे तक) के लिए संपत्ति कर के रूप में 3,147 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। हालांकि, बिल भेजने में देरी, कर गणना के नए तरीकों पर कानूनी जटिलताएं और पिछले पांच वर्षों में कोई बढ़ोतरी नहीं होने के कारण पिछले आठ वर्षों में संपत्ति कर संग्रह सबसे कम हो गया है, नागरिक सूत्रों ने कहा।करदाताओं को बिल 27 फरवरी को भेजे गए थे। इसलिए, मूल्यांकन और संग्रह विभाग को राजस्व एकत्र करने के लिए केवल एक महीने का समय मिल सका। चूंकि संपत्ति कर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण स्रोत है, इसलिए नागरिक निकाय ने 31 मार्च तक कम से कम 70% राजस्व इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा है। बिल भेजने में देरी को ध्यान में रखते हुए, बीएमसी ने नागरिकों को मई तक अपने संपत्ति कर का भुगतान करने की अनुमति दी 25, प्रति माह 2% ब्याज की विलंब शुल्क के बिना।

मुंबईः बीएमसी ने 2023-24 (31 मार्च शाम 7 बजे तक) के लिए संपत्ति कर के रूप में 3,147 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। हालांकि, बिल भेजने में देरी, कर गणना के नए तरीकों पर कानूनी जटिलताएं और पिछले पांच वर्षों में कोई बढ़ोतरी नहीं होने के कारण पिछले आठ वर्षों में संपत्ति कर संग्रह सबसे कम हो गया है, नागरिक सूत्रों ने कहा।करदाताओं को बिल 27 फरवरी को भेजे गए थे। इसलिए, मूल्यांकन और संग्रह विभाग को राजस्व एकत्र करने के लिए केवल एक महीने का समय मिल सका। चूंकि संपत्ति कर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण स्रोत है, इसलिए नागरिक निकाय ने 31 मार्च तक कम से कम 70% राजस्व इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा है। बिल भेजने में देरी को ध्यान में रखते हुए, बीएमसी ने नागरिकों को मई तक अपने संपत्ति कर का भुगतान करने की अनुमति दी 25, प्रति माह 2% ब्याज की विलंब शुल्क के बिना।

# 'हर गांव में खुलेगा बार...' महिला नेता का बड़ा ऐलान, वादा ऐसा कि बेवड़े हो गए खुश!



**मुंबईः** देश में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है. इस बीच महाराष्ट्र से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है. महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के चिमूर गांव से एक स्वतंत्र उम्मीदवार वनिता राउत ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जीतने पर लोगों को सब्सिडी वाली व्हिस्की और बीयर उपलब्ध कराने का एक हैरान कर देने वाला चुनावी वादा किया है. अखिल भारतीय मानवता पार्टी की उम्मीदवार वनिता राउत अपने ''गरीब मतदाताओं'' के लिए एक हैरान और अपरंपरागत चुनावी वादा लेकर आईं हैं. वनिता राउत ने कहा है कि अगर वह निर्वाचन क्षेत्र से चुनी जाती हैं तो वह न केवल हर गांव में बीयर बार खोलेंगी बल्कि सांसद निधि से गरीबों को मुफ्त व्हिस्की और बीयर भी उपलब्ध कराएंगी.

**जहां गांव, वहां बीयर बार**

वनिता राउत ने कहा, ''जहां गांव, वहां बीयर बार. यहीं मेरे मुद्दे हैं.'' राशन प्रणाली के माध्यम से शराब का वादा करते हुए, राउत ने कहा कि पीने वाले के साथ-साथ विक्रेता को भी लाइसेंस की आवश्यकता होगी. वनिता राउत के पास अपने अजीबोगरीब चुनावी वादे को सही ठहराने का अपना तरीका था.

**महिला नेता ने क्या दिया तर्क**

उन्होंने कहा कि ''बेहद गरीब लोग कड़ी मेहनत करते हैं और केवल शराब पीने में ही शांति पाते हैं. लेकिन वे गुणवत्तापूर्ण व्हिस्की या बीयर नहीं खरीद सकते. उन्हें केवल देशी शराब पीने को मिलती है और इसकी मात्रा की कोई सीमा नहीं है, इसलिए वे काफी नशे में हो जाते हैं. इसलिए, मैं चाहती हूं कि वे आयातित शराब का अनुभव करें और इसका आनंद लें.'

**इससे पहले भी वनिता लड़ चुकी हैं चुनाव**

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब वनिता राउत चुनाव लड़ रही हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने नागपुर से चुनाव लड़ा था. जबकि 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हें चिमूर विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया था. दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने 2019 के चुनावों के दौरान भी यही चुनावी वादा किया था और चुनाव अधिकारियों की कार्रवाई में उनकी जमानत जब्त हो गई थी.

# मनोर वाडा भिवंडी राज्य राजमार्ग पर भारी यातायात बंद!



**भिवंडी :** भिवंडी के पास पुल ढहने की शिकायत के कारण मनोर वाडा भिवंडी राज्य राजमार्ग पर भारी यातायात बंद कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग ने स्पष्ट किया है कि कल सुबह विशेषज्ञों द्वारा पुल का निरीक्षण किया जाएगा और फिर कोई निर्णय लिया जाएगा. स्टेट हाईवे 34 पर टेन गांव के पास देहरजा नदी पर बने पुल पर पिछले डेढ़ साल से बड़ी संख्या में गड्ढे हो गए थे। इसके अलावा, जब भारी यातायात इस पुल से गुजर रहा था तो एक निश्चित कम्पास महसूस किया गया था। लोक निर्माण विभाग द्वारा पहले की गई मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आज रात करीब आठ बजे पुल टूटने और आवागमन के लिए खतरा बनने की शिकायत मिली।

लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल वहां प्रवेश कर निरीक्षण किया तो प्रथमदृष्टया ऐसा नहीं लगा कि पुल में किसी प्रकार की कोई टूट-फूट या दरार है। कल (सोमवार) सुबह विशेषज्ञों द्वारा पुल का निरीक्षण किया जाएगा और इस बीच इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है. मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर कंक्रीटिंग का काम चल रहा है, जिससे कई जगहों पर ट्रैफिक जाम हो रहा है. वहीं, विक्रमगढ़ फाटा पर पुल का काम शुरू होने से उस क्षेत्र में यातायात की समस्या भी पैदा हो गई है. टेन के पास पुल से भारी यातायात बंद होने के कारण पूरे इलाके में भारी वाहनों की बड़ी कतार लग गई है और बताया गया है कि यातायात को शिरसाट फाटा और चिंचोटी के रास्ते भिवंडी की ओर मोड़ दिया गया है.

# बांद्रा-वर्ली सी ब्रिज पर सफर होगा महंगा, लागू होंगी नई टोल दरें...

**मुंबईः** महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने बांद्रा-वर्ली सी ब्रिज पर सड़क टोल दर 18 प्रतिशत बढ़ा दी है। इसके मुताबिक, रोड टैक्स की नई दरें आज से लागू हो गई हैं और चार पहिया हल्के वाहनों को एक तरफ की यात्रा के लिए 85 रुपये की जगह 100 रुपये चुकाने होंगे, जबकि मिनी बस, टेम्पो को 100 रुपये की जगह 160 रुपये देने होंगे. एक तरफा यात्रा के लिए 130 रु. वहीं, ट्रकों और बसों का रोड टैक्स आज से 175 रुपये की जगह 210 रुपये होगा. MSRDC के रोड टैक्स समझौते के अनुसार, रोड टैक्स हर तीन साल में बढ़ता है। तदनुसार, एमएसआरडीसी ने नई दरों की घोषणा की है जो आज से लागू हो गई हैं।

# शादी से इनकार करने पर युवती पर हमला, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज




**मुंबईः** शादी से इनकार करने पर एकतरफा प्रेमी ने 30 साल की लड़की पर लोहे की रॉड से हमला किया, यह गंभीर घटना मलाड ईस्ट में हुई. इस संबंध में कुरार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। आरोपी काफी समय से युवती को परेशान कर रहा था। पीड़िता मलाड ईस्ट की रहने वाली है और एक टीचर है. वह एक निजी कंप्यूटर क्लास में पढ़ाती है। आरोपी चमन उर्फ मोहम्मद हारून इदरीस (25) पीड़िता से एकतरफा प्यार करता था. शनिवार को जब पीड़िता क्लास में जा रही थी तो आरोपी ने पीड़िता से शादी के बारे में पूछा. जब उसने आरोपी की मांग ठुकरा दी तो आरोपी ने हाथ में ली हुई लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। इसमें युवती के सिर, बाएं हाथ और कमर पर गंभीर चोटें आईं। बच्ची का शताब्दी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में इलाज चल रहा है. आरोपी कई दिनों से युवती से शादी के लिए कह रहा था। उस वक्त भी लड़की ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था. हमला पूर्व नियोजित था क्योंकि आरोपी अपने साथ लोहे का सरिया लेकर आए थे। लड़की की शिकायत पर कुरार पुलिस ने हत्या की कोशिश, छेड़छाड़ जैसी विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com